आग की लपटों में जलकर खाक हुआ गृहस्थी का सामान

आगजनी से दो परिवार हुए प्रभावित, आग की लपटों से दहशत में आए ग्रामीण

नवभारत न्यूज

अशोकनगर/ पिपरई। तहसील मुख्यालय से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गरेंठी में शनिवार दोपहर एक मकान में अचानक से आग लग गई, इस आगजनी की लपटे इतनी ज्यादा तेज थी कि आसपास के लोगों में भय का महौल देखा गया। जिसके बाद फायर विग्रेड को सूचना दी, इसके बाद मौके पर पहुंची फायर विग्रेड ने आग पर काबू पाया। जब तक फायरविग्रेड ने आग बुझाई, जब तक घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। बताया जा रहा है कि इस घर में दो भाई और उनका परिवार निवास

करता था।

जानकारी के मुताबिक पुष्पा वाई पत्नी बृजभान सेन के घर में अज्ञात कारणों के कारण आग लग गई। जिससे घर गृहस्थी का लाखों का सामान एवं नगदी रुपए सहित जल कर राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी भयानक थी कि आस पास रहने बाले लोगों के घरों में भी में भी चीख पुकार देखी गई। आग की लपटें इतनी ऊंची थी कि लोग घरों से बाहर निकल कर खुद को सुरक्षित स्थान ढूंढते नजर आए। ओर जल्दी आग पर काबू पाने की कोशिश करते रहे। ग्राम के ही राजेंद्र सोलंकी ने नगर परिषद पिपरई की फायर विग्रेड को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर विग्रेड ने आग पर काबू पाया। पुष्पा वाई सेन बताया कि हमारा गरीब परिवार हे। हमारे परिवार में 12 सदस्य हे पूरे साल खाने को गेहूं,नगदी रुपए सहित कपड़े लते सहित गृहस्थी का पूरा सामान जल गया, अब कैसे जीवनयापन होगा। मौके पर ग्रामीणों की मदद के साथ नगर परिषद की दमखल ने पाया आग पर काबू जिससे ओर घर आग की चपेट में आने से बचे। आग में लाखों का घर गृहस्थी का सामान जला,परिवार को पड़े खाने के लाले। जिसके चलते सरपंच सुल्तान आदिवासी और उप सरपंच राजपाल सिंह सोलंकी ने भरोसा दिलाया कि परिवार की हर संभव मदद करेंगे । वहीं तहसीलदार के निर्देश पर पटवारी विजय शर्मा ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का पंचनामा बनाया । जिसमें गेहूं लगभग दस क्विंटल गेहूं, नगदी दस हजार, कूलर, टीव्ही, घर का छान-छप्पर भूसा सहित गृहस्थी का पूरा सामान जल कर रख हो जाना बताया गया।

खाद अधिकारी ने होटलों से लिये तेल के नमूने

हिदायत देते हुए कहा तेल का बार-बार न करे उपयोग

शहर के विभिन्न होटलों पर पहुंची खाद्य अधिकारी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार तथा एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा जिले मुख्यालय स्थित होटलों तथा समोसा कचौडी विक्रय स्थलों पर निरीक्षण कर कार्यवाही की गई।

निरीक्षण के दौरान विदिशा रोड, गांधी पार्क, विवेक टॉकीज रोड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानो का निरीक्षण किया गया। साथ ही विदिशा रोड स्थित सावरिया रेस्टोरेंट से यूज्ड कुकिंग ऑईल तथा बेसन लड्डू, स्टेशन रोड स्थित रतन कचौडी भंडार से कचौडी तथा यूज्ड कुकिंग ऑईल एवं गांधी पार्क स्थित मुकेश चाट भंडार से यूज्ड कुकिंग ऑईल का नमूना लिया गया।

नुकसानदायी है बार-बार तेल का उपयोगः

खाद्य अधिकारी ने जहां होटलो का निरीक्षण किया, तो वहीं उन्हें बार-बार तेल का उपयोग कर समोसा कचौडी को नहीं तलने की हिदायते देते हुये बताया कि यह यूज्ड तेल में बार-बार खाद्य समोसा, कचौरी तलना नुकसान दाई। इसके अलावा उन्होंने होटल संचालको को खाद्य पदार्थों को ढंक कर रखने और सफाई व्यवस्था सुदृर्ण रखने के निर्देश दिए।

एक नजर में

शुभम बने तहसील पटवारी संघ के अध्यक्ष

नवभारत शाढ़ौरा। तहसील पटवारी संघ के त्रिवार्षिक चुनाव निजी गार्डन में जिला पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से शुभम रघुवंशी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचन प्रक्रिया में जिला पटवारी संघ के पर्यवेक्षक श्याम सुंदर रघुवंशी, अनिल परिहार एवं रविंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे। अब तक संघ की जिम्मेदारी संभाल रहे रामरतन अहिरवार ने शुभम रघुवंशी को फूलमाला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान उपस्थित पटवारी साथियों ने भी नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। शुभम रघुवंशी ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा पटवारियों के हितों के लिए मिलजुलकर कार्य करने का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने की सिंगल क्लिक के माध्यम से पेंशन योजना की राशि जारी

नवभारत अशोकनगर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जिला सिंगरौली, उमंग भवन से शनिवार को राज्य शासन की पेंशन योजनाओं के लगभग 33 लाख से अधिक हितग्राहियों को माह अप्रैल पेड-ईन मई, 2026 की कुल राशि रूपये 202.26 करोड़ का हितलाभ वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया । जिले के 24646 हितग्राहियों को 14787600 रूपए की राशि खातों में अंतरित की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें कलेक्टर साकेत मालवीय,उप संचालक सामाजिक न्याय राजेन्द्र प्रजापति एवं हितग्राही उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से शासन द्वारा समाज के निर्धनों एवं निराश्रितों यथा-वृद्धजनों, कल्याणियों, परित्यक्ताओं, अविविहिताओं एवं दिव्यांगजनों इत्यादि के लिये पेंशन योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत प्रति हितग्राही, प्रतिमाह राशि रूपये 600 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

जिला जेल का जिला न्यायाधीश ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओ का लिया जायजा

नवभारत अशोकनगर। प्रधान जिला न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा शनिवार को जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध समस्त बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विशेष रूप से बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता के विषय में जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक बंदी को न्याय प्राप्ति हेतु आवश्यक विधिक सहायता उपलब्ध हो। इस दौरान उन्होंने उन बंदियों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की गई जिनकी अपील लंबित है एवं जिनके पास अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में बंदियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने हेतु निर्देश दिए। वहीं उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के अधिकारों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित करते हुए उन्हें आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

नवभारत अशोकनगर। हम सब इतने गौरवशाली कार्यकर्ता है कि हमारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक सांस्कृतिक संगठन है और हम जिस समूह मैं काम कर रहे हैं इस विचार परिवार में अनेक संगठन राष्ट्र में तो प्रथम है ही लेकिन दुनिया के अंदर भी प्रथम है उनका मुकाबला करने वाला कोई नहीं है,और हम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते भी हमें गर्व है कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टियों में से एक है, यह बात पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिले के थूबौन में आयोजित भाजपा के दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में समापन के अवसर पर 11वें सत्र के वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश कर समिति सदस्य राजेश तिवारी ने प्रशिक्षणार्थी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

ग्रामीणों को बताये स्मार्ट मीटर के फायदे

विद्युत विभाग ने जिले के11 स्थानों पर आयोजित किए संपर्क अभियान के तहत शिविर

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में विद्युत विभाग द्वारा 11 स्थानो पर संपर्क अभियान के अन्तर्गत शिविरो का आयोजन किया गया। जिसमें विल संबंधी एवं अन्य विषयो के संबंध में 846 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से 548 शिकायतो का निराकरण मौके पर ही शिविर के दौरान किया गया। इसके साथ ही उपस्थित लोगों को स्मार्ट मीटरो के लाभ बताये गये है।

शनिवार को आयोजित हुए इन शिविर में 170 घरेलू तथा 84 कृषि उपयोग हेतु नवीन सर्विस कनेक्शन मौके पर ही जारी किये गये एवं 50 उपभोक्ताओ के नाम

परिवर्तन किये गये। खराब मीटरो को मौके पर ही वदला गया। वोल्टेज संबंधी शिकायतो का निराकरण किया गया तथा ट्रांसफार्मर मेंटेनेंश भी शिविर के दौरान कराया गया। उपभोक्ताओ से शिविर के दौरान लगभग 10.30 लाख रूपये की वसूली की गई।

इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा लगाये जा रहे स्मार्ट मीटर की प्रदर्शनी भी सभी 11 शिविरो में लगाई गई। तूमैन वितरण केन्द्र के अन्तर्गत ग्राम बरोदिया तूमैन में संपर्क अभियान कैम्प लगाया गया मौके पर उपभोक्ताओ के समक्ष डिजिटल मीटर तथा स्मार्ट मीटर की विद्युत खपत की तुलना करनें पर दोनो मीटरो की विद्युत खपत समान पाई गई। स्मार्ट मीटर के संबंध में फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी शिविर के दौरान असत्य सावित की गई। इसके साथ ही नागरिको व ग्रामवासियो को स्मार्ट मीटर लगाये जाने के फायदे भी वताये गये।

संदिग्ध परिस्थिति में 16 वर्षीय किशोर की मौत

तबियत बिगड़ने पर परिजनों के कराया था भर्ती

पुलिस ने शव का पीएम कराकर जांच की प्रारंभ

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले के ग्राम महिदपुर में एक 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थिती में मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार किशोर ने जहरीले पदार्थ के सेवन लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसे परिजन तुरंत उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए, जहां दौराने उपचार उसने दमतोड़ दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यश पुत्र मेहरबान सिंह रघुवंशी उम्र 16 वर्ष को अचानक से उल्टीयां होने लगी,जिससे जहरीले पदार्थ की बदबू आ रहीं थी। जिसके चलते परिजन उसे लेकर तुंरत अस्पताल पहुंचे, जहां रात करीब 11 बजे उसने अंतिम सांस ली। परिजनों के मुताबिक किशोर पूरी तरह स्वास्थ होने के साथ खुशहाल था, उसने जहरीले पदार्थ का सेवन क्यों किया इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। पुलिस ने शव का पीएम कराकर जांच शुरू कर दी है।

पूर्व विधायक से मिलने पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष, जाना हालचाल

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत जिले के थोबौन जी में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने आए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठतम नेता एवं पूर्व विधायक नीलम सिंह यादव के निवास पर पहुंचकर मुलाकात की, उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक नीलम सिंह यादव जिले में भाजपा के आधार स्तंभ के रूप में जाने जाते है। तो वहीं उनके परिवार के अधिकतर सदस्य पार्टी की रीति नीति का अनुसरण करते हुए कार्य कर रहे है।

जिलाअस्पताल में कर्मचारियों की मारपीट का वीडियो वायरल

आउटसोर्स कंपनी के मैनेजर से की गई मारपीट

वीडियो फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला चिकित्सालय में शुक्रवार रात आउटसोर्सिंग कंपनी के मैनेजर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। यह मारपीट अस्पताल के मुख्य गेट के सामने हुई, जो वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई और इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वहीं मारपीट के बाद पीड़ित मैनेजर द्वारा इसकी लिखित शिकायत कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई है।

जिला चिकित्सालय में सुरक्षा गार्ड और सफाई कर्मचारियों का ठेका संभालने वाली कंपनी के मैनेजर राज यादव ने बताया कि शुक्रवार रात उन्होंने आउटसोर्स कर्मचारी हरीचरण रजक को अस्पताल के अंदर जाते देखा। जब मैनेजर ने हरीचरण को रोककर उसके काम के बारे में पूछताछ की और पहचान पत्र आईडी कार्ड दिखाने को कहा, तो वह भड़क गया और विवाद करने लगा। विवाद के दौरान ही अस्पताल का पूर्व आउटसोर्स सुपरवाइजर करन पाल भी वहां पहुंच गया। मैनेजर राज यादव के अनुसार, हरीचरण रजक और करन पाल दोनों ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करते हुए थप्पड़ जड़े दिये। पुलिस ने अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि अस्पताल से जुड़े कुछ लोगों का मानना है कि इस विवाद के पीछे पुरानी और नई कार्यप्रणाली का टकराव भी एक बड़ा कारण है। अस्पताल में पहले से काम कर रहे कर्मचारियों और ठेका कंपनी द्वारा रखे गए नए कर्मचारियों के बीच आपसी सामंजस्य नहीं बन पा रहा है, जिसके कारण अक्सर ऐसी विवाद की स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं।

चोरी की घटनाओं के चलते की पूछताछ

पीड़ित मैनेजर ने बताया कि जिला अस्पताल में पिछले कुछ समय से आए दिन चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें सख्त निर्देश दिए थे कि वे संदिग्ध लोगों से पूछताछ करें और उन पर नजर रखें। इसी निर्देश का पालन करते हुए मैनेजर रात के समय अस्पताल में आने-जाने वाले लोगों की चेकिंग कर रहे थे।

अकाउंटेंट यूनियन का गठन, दुबे बने अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शहर की विभिन्न रजिस्टर्ड फर्मों का अकाउंट्स कार्य करने वाले अकाउंटेंट्स ने अपनी यूनियन का गठन कर सर्व सम्मति से देवीशंकर दुबे को अध्यक्ष चुना है। यूनियन अध्यक्ष दुबे ने बताया कि आज के समय में अकाउंटिंग करना पहले की तरह आसान नहीं रहा है। अकाउंटेंट्स को इंकमटैक्स और जीएसटी के नियमों को ध्यान में रखते हुए कार्य करना पड़ता है, जरा सी गलती पर दुकानदार को भारी भरकरम जुर्माना भरना पड़ सकता है। इसको देखते हुए सभी सदस्यों को आपस में सहयोग करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। इस दौरान सभी की सहमति से सचिव स्वप्निल सोनी, कोषाध्यक्ष नीरज नामदेव, मीडिया प्रभारी अजय जैन एवं संगठन मंत्री कैलाश अग्रवाल व राजू पालीवाल को बनाया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि अकाउंट्स कार्य करने वाले नए सदस्यों को सभी की सहमति से यूनियन में जोड़ा जाएगा। वहीं सभी सदस्यों को यूनियन के नियम मानना अनिवार्य होगा। बैठक में संतोष शर्मा, राजेश जैन गुल्ला, प्रदीप जैन, अजय जैन, रवि जैन, लोकेंद्र शर्मा, संजय जैन, नीरज जैन पठा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

छात्राओं ने सीखे ब्यूटी पार्लटर प्रबंधन के गुर

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ब्यूटी एंड वेलनेस पाठ्यक्रम के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्राओं को सौंदर्य एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यावहारिक कौशल प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्राओं ने ब्यूटी, स्किन केयर, हेयर केयर एवं पार्लर प्रबंधन से संबंधित विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन एवं वीटी श्रीमती नेहा जोशी के निर्देशन में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में सहभागिता की। प्रशिक्षण सहयोग हेतु खुशी ब्यूटी पार्लर की ब्यूटीशियन अर्चना उपाध्याय द्वारा छात्राओं को व्यावहारिक जानकारी एवं आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया। विद्यालय परिवार ने बताया कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे। छात्राओं ने भी प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए भविष्य में इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा व्यक्त की।

कार्यक्रम

दस दिवसीय ब्राइटर माइंड का प्रशिक्षण संपन्न

कार्यक्रम में एएसपी ने कहा बच्चों को निरंतर सीखने की जरूरत

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिला के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए पुलिस लाइन दस दिवसीय ब्राइटर माइंड प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था, जिसका समापन विगत दिवस हुआ।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा गया कि बच्चों का मानसिक, बौद्धिक एवं व्यक्तित्व विकास ही उनके उज्ज्वल भविष्य की सशक्त नींव है। उन्होंने बच्चों को निरंतर सीखने, आत्मविश्वास विकसित करने, सकारात्मक सोच अपनाने तथा अपनी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वहीं उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण बच्चों की स्मरण शक्ति, एकाग्रता, निर्णय क्षमता एवं मानसिक दक्षता को विकसित करने में अत्यंत सहायक होते हैं, जिससे भविष्य में शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में मदद मिलती है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन प्रदान करने की अपील की। यह नवाचारपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानने एवं उसे निखारने की दिशा में अत्यंत उपयोगी है।

गोरा तालाब पर किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में अशोकनगर विकासखंड की नवीन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सांकेतिक श्रमदान गोरा तालाब में किया गया । साथ ही जल संरक्षण के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए बताया कि जल है तो कल है, इसे संरक्षित करे। श्रमदान में विकासखंड समन्वयक मनोज यादव , एडवोकेट राजेश शिवहरे , नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार भागवत गीता स्वाध्याय समिति के अध्यक्ष रामबली यादव, समिति के अध्यक्ष शिवराज सिंह रघुवंशी ,सचिव गोलु रघुवंशी, सदस्य राजकुमार रघुवंशी,रामवीर सिंह रघुवंशी, बारेलाल चौकीदार, रामवीर सिंह रघुवंशी, चंद्रप्रकाश रघुवंशी, अनिकेत रघुवंशी, कन्हैया राम कुशवाह व पहलवान अहिरवार सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।